प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 18.09.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रदेशभर में आयोजित शहरी और ग्रामीण सेवा शिविरों में लोगों का उत्साह–नगरीय विकास मंत्री ने लोगों से लाभ उठाने का किया आह्वान।
- सेवा पर्व के दूसरे दिन आज स्वनिधि योजना की स्वीकृति और ऋणों का वितरण होगा–राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म **चलो जीते है** का मंचन किया जायेगा।
- निर्वाचन आयोग ने ईवीएम मतपत्रों की स्पष्टता और पठनीयता बढ़ाने के लिए चुनाव नियमों के ईवीएम दिशानिर्देशों में संशोधन किया है।
- प्रदेश के पश्चिमी भागों से मानसून की विदाई शुरू–शेष भागों में अगले सप्ताह तक रवानगी की संभावना।

00000

नगरीय विकास और स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा है कि राज्य सरकार की मंशा है कि राज्य की प्रत्येक योजना का लाभ अंतिम छोर तक पहुँचे और कोई भी पात्र व्यक्ति इससे वंचित न रहे। सीकर में शहरी सेवा शिविर का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने कहा कि सेवा शिविरों का उद्देश्य शासन और प्रशासन की जनता तक सीधी पहुँच बनाकर पारदर्शिता और सुविधा सुनिश्चित करना है। उन्होंने लोगों से इन शिविरों के माध्यम से दी जा रही केन्द्र तथा राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। इस बीच राज्यभर में कल से शुरू हुए शहरी और ग्रामीण सेवा शिविरों को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है। सुविधाओं और सेवाओं का लाभ लेने के लिए पहले दिन ही बडी संख्या में लोग शिविर स्थल पंहुचे। 17 अक्टूबर तक चलने वाले इन शिविरों में लीज और अप्रूव्ड कॉलोनियों के पट्टों पर छूट, आपसी सहमति से जमीन तथा मार्ग विवाद निस्तारण, सफाई, रोड लाईट, पार्क मेन्टिनेंस जैसी शिकायतों के समाधान के अलावा, जन्म मृत्यु, विवाह पंजीकरण, फायर एनओसी, ट्रेड लाईसेंस, नामान्तरण हस्तान्तरण जैसी सुविधाएं और कार्य भी प्राथमिकता से किये जा रहे हैं इसके अलावा पीएम और सीएम स्वनिधि योजना तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं सहित विभिन्न योजनाओं के लाभ भी दिये जा रहे है।

सवाईमाधोपुर के लोहरवाडा में आयोजित शिविर में वयोवृद्ध लोगों को लाभ पंहुचने से उनके चेहरे खिल उठे। ट

....

इसी तरह करौली जिले में भी विभिन्न स्थानों पर आयोजित शिविरों में लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि नादोती उपखण्ड में लगाये शिविर में लोग बढचढकर लाभ उठा रहे है।

.....

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वे जन्मदिवस पर प्रदेशभर में आयोजित सेवा पर्व के तहत आज दूसरे दिन स्वनिधि योजना के तहत स्वीकृति और ऋणों का वितरण किया जायेगा। 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाडे में प्रधानमंत्री के सेवा ही संकल्प से प्रेरित होकर हर दिन विशेष थीम रखी गई है। इधर कल पहले दिन प्रदेशभर में रक्तदान शिविर लगाये गये। दूसरी ओर कल से ही देश सहित प्रदेशभर में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान भी शुरू हुआ। राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आयोजित अभियान में महिला और बच्चों में पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता गतिविधियां आयोजित हो रही है। इस बीच सेवा पर्व के तहत स्वामी विवेकानंद के दर्शन पर आधारित राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म **चलो जीते है** का मंचन भी आज से किया जा रहा है। 2 अक्टूबर तक देशभर के लाखों स्कूलों और 500 के करीब सिनेमाघरों में इस फिल्म का प्रदर्शन रखा गया है। फिल्म के प्रदर्शन के दौरान समाज के मूल

नायको जैसे चोकीदार, सफाईकर्मचारी, ड्राइवर, चपरासी और ऐसे ही दूसरे पेशे के कामगारों को सम्मानित किया जायेगा। इस कडी में प्रदेश की 56 स्क्रीनों पर फिल्म का प्रदर्शन रखा गया है।

0000

डाक विभाग और भारत संचार निगम लिमिटेड–बी एस एन एल ने देश भर में मोबाइल कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए कल नई दिल्ली में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य डिजिटल जागरूकता को बढावा देना, ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल सेवाओं का विस्तार करना और डिजिटल इंडिया की भावना को बल देना है। इससे देश के सुदूर इलाकों में दूरसंचार सेवाएं अधिक सुलभ तथा किफायती बनेंगी। इसके अंतर्गत, देश में एक लाख 65 हज़ार से अधिक डाकघरों में बी एस एन एल सिम कार्डों की बिक्री की जायेगी।

000

निर्वाचन आयोग ने ईवीएम मतपत्रों की स्पष्टता और पठनीयता बढ़ाने के लिए चुनाव नियमों में ईवीएम मतपत्रों की डिजाइन और प्रिंटिंग से संबंधित दिशानिर्देशों में संशोधन किया है। यह पहल पिछले छह महीनों में निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने तथा मतदाताओं की सुविधा बढ़ाने के लिए की गई 28 पहलों में से है। निर्देशों के अनुसार, ईवीएम मतपत्र पर अब उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें स्पष्टता के साथ मुद्रित की जाएँगी। चुनाव में एकरूपता बढ़ाने के लिए सभी उम्मीदवारों के नाम और नोटा का विकल्प भी एक ही फ़ॉन्ट में छापा जायेगा। निर्वाचन आयोग ने बताया कि नई व्यवस्था की शुरुआत बिहार से होगी।

0000

नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने समूचे देश में हवाई अड्डों पर यात्री सेवा दिवस पहल की शुरुआत की। उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद के हिंडन हवाई अड्डे पर आयोजित कार्यक्रम में श्री नायडू ने कहा कि यात्री सेवा दिवस पहल मंत्रालय के विकास और हवाई यात्रा को सहज और सुगम बनाने के लक्ष्य का प्रतीक है। श्री नायडू ने कहा कि देश के सभी हवाई अड्डों पर जल्द ही वाई–फाई सुविधा उपलब्ध होगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि यात्री सेवा दिवस पहल के अवसर पर स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत हवाई अड्डों पर निःशुल्क चिकित्सा जाँच और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाए गए है।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से वस्तु और सेवा कर–जीएसटी में सुधारों की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करते हुए तीन सितम्बर को जीएसटी परिषद ने देश के नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीएसटी सुधारों की घोषणा आगामी 22 सितम्बर से धरातल पर लागू हो जायेगी। विभिन्न क्षेत्रों में की गई कर दरों में कटौती को लेकर देशभर में उत्साह का माहौल है। आज हम नई जीएसटी दरों के लाभ पर कपड़ा क्षेत्र पर एक नज़र डाल रहे हैं।

.....

0000

प्रदेश के पश्चिमी इलाकों से मानसून की विदाई शुरू हो गई है। वहीं शेष भागों से भी मानसून के अगले कुछ दिनों में रवानगी लेने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी राजस्थान में अगले कुछ दिन हल्की बारिश के आसार है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आज से 22 सितम्बर तक कोटा, उदयपुर संभाग के अलावा अन्य कुछ शहरों में बारिश हो सकती है। इस साल हुई अच्छी बारिश से राज्य के अधिकांश बांधों और जलाशयों में पानी की भरपूर आवक हुई हैं।

**0000**